रांची

www.vananchaleye@gmail.com

हिन्दी दैनिक

# वनांचल आई

हर खबर पर पहली नजर

₹5

PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 वर्ष:01 अंक:102 गुरूवार, 18 दिसंबर

Email:vananchaleye@gmail.com




## ब्रीफ न्यूज

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 28 दिसंबर से तीन दिवसीय दौरे पर आएंगी झारखंड



एजंसी

नई दिल्ली :रांची। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 28 दिसंबर से तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड आएंगी। वह 28 दिसंबर को रांची पहुंचेंगी और आगमन के बाद रांची स्थित लोकभवन में रात्रि विश्राम करेंगी। राष्ट्रपति 29 दिसंबर को जमशेदपुर जाएंगी, जहां वह एनआईटी जमशेदपुर के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इसके साथ ही वह ओलचिकी लिपि के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगी। इस कार्यक्रम में आदिवासी संस्कृति और भाषा की समृद्ध परंपरा को रेखांकित किया जाएगा। जमशेदपुर से वापसी के बाद राष्ट्रपति रांची लौटकर लोकभवन में रात्रि विश्राम करेंगी। राष्ट्रपति 30 दिसंबर को गुमला जिले के रायडीह में आयोजित जनसांस्कृतिक समागम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 28 और 29 दिसंबर को रांची स्थित लोकभवन मेंरात्रि विश्राम करेंगी।

### एक्स्ट्रा लगेज पर देना होगा अतिरिक्त शुल्क : अश्विनी वैष्णव

एजंसी

नई दिल्ली :नई दिल्ली : रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में बड़ी जानकारी दी है। लोकसभा में प्रश्न के जवाब में अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अब ट्रेन में एक्स्ट्रा लगेज ले जाने पर यात्रियों को अतिरिक्त शुल्क देना होगा। लोकसभा में सांसद वेमिरेड्डी प्रभाकर रेड्डी ने अश्विनी वैष्णव से ट्रेन में अतिरिक्त सामान ले जाने पर सवाल पूछा। इस सवाल के जवाब में रेल मंत्री ने एक्स्ट्रा लगेज पर शुल्क देने की बात कही है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अभी के समय में कंपार्टमेंट में यात्री द्वारा अपने साथ ले जाने वाले सामान की श्रेणीवार अधिकतम सीमा तय की गई है। रेल मंत्री ने सदन में ये जानकारी लिखित में शेयर की। स्लीपर क्लास के यात्री 40 किलोग्राम तक सामान फ्री में ले जा सकते हैं। वहीं इस कंपार्टमेंट में सफर करने वाले यात्रियों के लिए 80 किलोग्राम वजन तक का सामान ले जानेकी अनुमति होगी।मौसम विभाग ने झारखंड में दो दिनों के लिए घना कुहासा छाने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने बुधवार और गुरुवार के लिए कुहासा को लेकर अलर्ट जारी किया है। विभाग ने पहले दिन जिन जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है उनमें राज्य के उत्तर-पश्चिमी और निकटवर्ती जिले ।

# अतिक्रमण हटाने रिम्स पहुंचे बुलडोजर का महिलाओं ने किया जमकर विरोध

## जवानों ने जबरन महिलाओं को उठाकर हटाया, पक्के मकानों को तोड़ने में लगाए गए तीन-तीन बुलडोजर

संवाददाता

रांची : झारखंड हाईकोर्ट ने रिम्स परिसर में बने अवैध निर्माण को तोड़ने का आदेश दिया है। इस आदेश का पालन करने के लिए जब पुलिस बल बुलडोजर के साथ भवनों को गिराने पहुंचा, तो वहां मौजूद लोगों ने इसका जमकर विरोध किया। इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। महिलाओं ने भवन गिराए जाने का विरोध किया, तो पुलिस के द्वारा बल का प्रयोग किया गया और महिलाओं को जबरन उठाकर हटवा दिया गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान में और तेजी आई है और पक्के मकानों को तोड़ने में तीन तीन बुलडोजर लगाए गए हैं। जिला प्रशासन की ओर से नियुक्त कार्यपालक दंडाधिकारी साइनी तिग्गा के साथ साथ बड़गाई के अंचलाधिकारी विजय कुमार दास खुद अतिक्रमण हटाओ अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। पूरा मामला रिम्स की जमीन से अतिक्रमण से जुड़ा मामला है।बड़गाई सीओ ने बताया कि झारखंड उच्च न्यायलय के आदेश पर आज भी कार्रवाई जारी है। उन्होंने आगे बताया कि रिम्स के डॉक्टर्स आवासीय कॉलोनी में कई दिनों तक अतिक्रमण हटाओ



अभियान चलाए जाने के बाद से डीआईजी ग्राउंड के चारों ओर रिम्स की जमीन पर बनाये गए अवैध निर्माण को तोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि डीआईजी ग्राउंड के पूर्वीभाग में बने पक्के निर्माण को आज हटाया जा रहा है। इसके लिए तीन-तीन बुलडोजर को लगाया गया है।बड़गाई के अंचलाधिकारी ने बताया कि कानून के हिसाब से ये सभी निर्माण अवैध हैं। जब 1960-65 में इस जमीन का मालिकाना हक रिम्स के पास चला गया, उसके बाद जो भी रजिस्ट्री या म्यूटेशन एवं अन्य प्रक्रिया हुई है वे सब अवैध हैं। सीओ ने कहा कि किस अधिकारी का इसमें क्या दोष रहा है ? यह तो आगे की जांच का विषय है लेकिन ये निर्माण अवैध हैं और इसे पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।पिछले कई दिनों से अवेध कब्जाधारियों को हटने के आदेश देने के बाद बुधवार को कार्रवाई तेज की गई। बुधवार को रिम्स की जमीन पर बनाए गए भवनों को गिराने के लिए पुलिस बल पहुंचा तो लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। विरोध कर रहीं महिलाओं को पुलिस बल के जवानों ने जबरन वहां से हटा दिया। झारखंड हाई कोर्ट ने केस संख्या डबल्यू.पी. (पीआईएल) 4736/2018 (ज्योति शर्मा बनाम राज्य सरकार एवं अन्य) की सुनवाई में रिम्स प्रबंधन और राज्य सरकार को 72 घंटे के भीतर परिसर से सभी अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था। नोटिस की अवधि पूरी होने के बाद आज संयुक्त अभियान चलाया गया।

### इथियोपियाई संसद के संयुक्त सत्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया संबोधित, कहा-

# भारत-इथियोपिया क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और कनेक्टिविटी के मामले में साझेदार

## रक्षा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर के साथ मजबूत हुई पारस्परिक सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता

एजेंसी

ने इथियोपियाई संसद को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और इथियोपिया क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और कनेक्टिविटी के मामले में प्राकृतिक साझेदार हैं। अपनी पहली द्विपक्षीय यात्रा पर इथियोपिया पहुंचे मोदी ने इथियोपियाई संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। यह विश्व की 18वीं संसद है, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा, इथियोपिया अफ्रीका के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र में स्थित है। भारत हिंद महासागर के केंद्र में स्थित है। हम क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और कनेक्टिविटी में प्राकृतिक साझीदार हैं। पीएम ने कहा, इस वर्ष की शुरूआत में रक्षा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर के साथ



हमारी पारस्परिक सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता और मजबूत हुई है। यह व्यवस्था निकट सैन्य सहयोग पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि भारत और इथियोपिया के बीच जलवायु और विचारों के मामले में भी समानता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के पूर्वजों ने केवल वस्तुओं का ही नहीं बल्कि विचारों और जीवन-शैली का भी आदान-प्रदान किया। मोदी ने कहा कि दोनों देश समझते हैं कि लोकतंत्र केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि जीवन जीने का तरीका और एक निरंतर यात्रा

### भारतीय कंपनियां बड़े निवेशकों में शामिल

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारतीय कंपनियां इथियोपिया में सबसे बड़े निवेशकों में शामिल हैं। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में पांच अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है और 75 से ज्यादा रोजगार सृजित किए हैं। उन्होंने घोषणा की कि भारत और इथियोपिया ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि भारत की डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना ने सेवा वितरण और लोगों की पहुंच के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है। मोदी तीन देशों की चार दिवसीय यात्रा पर हैं।

है। यह कभी बहस से, कभी मतभेद से आकार लेता है, लेकिन हमेशा कानून के शासन से निर्देशित रहता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब देश का पहिया जनता के साथ सामंजस्य में घूमता है, तो प्रगति का पहिया आशा व उद्देश्य के साथ आगे बढ़ता है। ग्लोबल साउथ का विस्तार सेकिया जिक्र : ग्लोबल साउथ के बारे में विस्तार से जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि यह क्षेत्र अपना भविष्य स्वयं लिख रहा है और भारत तथा इथियोपिया इसके लिए एक साझा दृष्टि रखते हैं। उन्होंने कहा,हमारी कल्पना ऐसे विश्व की है, जहां ग्लोबल साउथ किसी के खिलाफ नहीं बल्कि सभी के लिएआगे बढ़े।

# सेना को अमेरिका से मिले तीन अपाचे हेलीकॉप्टर पश्चिमी सीमा पर होंगे तैनात

एजेंसी



नई दिल्ली :भारतीय सेना को तीन एएच-64 अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर का आखिरी बैच अमेरिका से मिल गया है, जिससे राजस्थान के जोधपुर में 451 आर्मी एविएशन स्क्वाड्रन में उसके छह एयरक्राफ्ट का बेड़ा पूरा हो गया। अमेरिका में निर्मित अपाचे हेलीकॉप्टरों को एंटोनोव एयरलाइंस के एएन-124 सामरिक एयर लिफ्टर विमान से सीधे एरिजोना से हिंडन एयरबेस तक लाया गया है। ये अपाचे जोधपुर एयर बेस से वायु सेना के एलसीएच प्रचंड के साथ मिलकर काम करेंगे। भारतीय सेना के लिए साल 2020 में 80 करोड़ डॉलर में 06 अपाचे हेलीकॉप्टरों का सौदा अमेरिका से किया गया था। समय पर आपूर्ति मिलने की उम्मीद में सेना ने पिछले साल 15 मार्च को जोधपुर में अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टरों की पहली स्क्वाड्रन भी बना ली थी। तीन अपाचे एएच-64 लड़ाकू हेलीकॉप्टरों का पहला बैच पिछले साल 22 जुलाई को भारत पहुंचा था। शेष तीन हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति में देरी की वजह बोइंग कंपनी की सप्लाई चेन बाधित होना है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की पिछले साल अमेरिकी यात्रा पर सेना को अपाचे हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति में हो रही देरी का मुद्दा उठाया गया था, इसके बावजूद डिलीवरी में करीब 15 माह की देरी हुई है। सेना के लिए अपाचे को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि दुश्मन की किलेबंदी को भेदकर और उसकी सीमा में घुसकर हमला करने में सक्षम है।हेलीकॉप्टर के नीचे लगी बंदूकों से 30 एमएम की 1200 गोलियां एक बार में भरी जा सकती हैं। अपाचे एक बार में 2.45 घंटे तक उड़ान भर सकता है। ये हेलीकॉप्टर उन्नत सुविधाओं से लैस है, जिनमें लॉन्ग रडार,

# नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, भाजपा कार्यालय घेरा

संवाददाता

रांची:न्यायालय से कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की ओर से दाखिल आरोप पत्र को खारिज करने पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार और भाजपा के विरोध में भाजपा मुख्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। बुधवार को हुए कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने किया। इसके पूर्व कांग्रेस कार्यकताओं का जमावड़ा हरमू मैदान में हुआ जहां से विरोध मार्च करते हुये भाजपा कार्यालय का घेराव किया गया। मौके पर केशव महतो कमलेश ने कहा कि केंद्र सरकार ने केंद्रीय एजेंसीयों का दुरुपयोग बिना एफआइआर के ही किया है। मोदी सरकार ने ईडी के सहारे सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ झूठा



मामला बनाने की कोशिश की। केंद्र सरकार लगातार कांग्रेस और विपक्ष के नेताओं को ईडी और सीबीआई के सहारे निशाना बना रही है। उन्होंने कहा कि ईडी का डर दिखाकर गैर भाजपा शासित राज्यों के निर्वाचित प्रतिनिधियों को डराने का काम किया जा रहा है। केंद्र सरकार दमनात्मक कार्रवाइयों की सीमा पार कर चुकी है। देश की 150 करोड़ जनता के सामने न्यायालय ने केंद्र सरकार और भाजपा को बेनकाब कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह दुर्लभतम मामला है जिसमें न धन का लेनदेन हुआ न किसी संपत्ति का स्थानांतरण हुआ फिर भी ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी से लगातार कई घंटों तक जांच के नाम पर पूछताछ कर मानसिक प्रताड़ना देने की कोशिश की गई। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी सीरीवेल्ला प्रसाद, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, शहजादा अनवर, विक्सल कोनगाड़ी, राजीव रंजन प्रसाद, शमशेर आलम,ज्योति सिंह मथारू, राकेश सिन्हा, अमूल्य नीरज खलको, कुमार राजा सहित दर्जनों पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने किया। उनके साथ कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, सिमडेगा विधायक एनवी कौनगाड़ी, प्रदेश कांग्रेस महिला अध्यक्ष रामा खलखो, राकेश सिंहा सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

## झारखंड में बनेगी मेडिकल यूनिवर्सिटी

# इरफान ने की स्वास्थ्य राज्य मंत्री से मुलाकात, कई मुद्दों पर बनी सहमती

संवाददाता

रांची : स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर झारखंड में मेडिकल यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाएगी। डॉ. अंसारी ने कहा कि पिछले बीस वर्षों तक राज्य की जनता को केवल आश्वासन दिए गए और मेडिकल यूनिवर्सिटी व मेडिकल फैकल्टी का गठन नहीं हो सका। इसका सीधा असर यह हुआ कि झारखंड में डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की भारी कमी बनी रही। उन्होंने कहा कि अब यह स्थिति बदलेगी और मेडिकल यूनिवर्सिटी राज्य के मेडिकल



क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। डॉ. अंसारी ने बताया कि इसी क्रम में रांची के बिरसा/बूटी मोड़ बुंडू क्षेत्र में प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान वे स्वयं, प्रधान सचिव अजय कुमार और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर उपस्थित रहेंगे। उन्होंने इसे स्वास्थ्य शिक्षा की दिशा में अब तक का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक कदम बताया। इरफान ने की स्वास्थ्य राज्य मंत्री से मुलाकात, कई मुद्दों पर बनी सहमती रांची : झारखंड के स्वास्थ्य क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में बुधवार को एक अहम पहल हुई। नई दिल्ली में केंद्रीय आयुष एवं स्वास्थ्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रताप राव जाधव के साथ हुई बैठक में राज्य के स्वास्थ्य भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण सहमति बनी। बैठक में हेल्थ कॉटेज की स्थापना, आयुर्वेदिक यूनिवर्सिटी की शुरूआत, राज्य के मेडिकल कॉलेजों का सशक्तिकरण,

**प्रदूषण** | दिल्ली में प्रदूषण पर बोलीं कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी: सांस लेने में तकलीफ हो रही है

# प्रदूषण के स्तर को प्रभावी ढंग से रोकने के उपाय पूरी तरह से फेल: सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली: टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी और केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का पश्चिम बंगाल में घुसपैठियों पर मजाक का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें बनर्जी गडकरी से पूछ रहे हैं कि एक मिला क्या।इसके बाद दोनों सांसद ठहाका लगाते हैं। पास खड़े लोग भी मुस्कुराने लगते हैं। यह वाकया संसद परिसर का है, जब दोनों नेता मिलते हैं।इस दौरान कल्याण बनर्जी ने मजाकिया अंदाज में गडकरी से कहा कि पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बार-बार एक करोड़ घुसपैठियों का जिक्र किया था। एक मिला क्या ?दरअसल, देश के 12





राज्यों में चुनाव आयोग एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) चला रही है। विपक्ष का आरोप है कि सरकार इसके जरिए लोगों को जबरन घुसपैठिया बताकर देश से निकाल रही है। सांसद कल्याण बनर्जी दोनों हाथों को ऊपर उठाते हुए कहा कि निकाल कर बाहर फेंकेंगे। फिर केंद्रीय मंत्री को एक अंगुली दिखाते हुए कहा कि एक मिला क्या ? टीएमसी सांसद को केंद्रीय मंत्री गडकरी ने जवाब दिया आपको मिलवाएंगे कभी, इस पर कल्याण बनर्जी ने फिर कहा नहीं, नहीं आपको मिला क्याब ?इसके बाद कल्याण गडकरी का हाथ पकड़कर पास लाते हैं और कान में कुछ कहते हैं। फिर दोनों जोर से हंसने लगते हैं। गडकरी फिर मुस्कुराते हुए आगे निकल जाते हैं।कुछ कदम आगे बढ़ने पर गडकरी, कल्याण बनर्जी को अपनी कार दिखाकर कहते हैं हाइड्रोजन से चलती है।इस पर कल्याण बनर्जी फिर मजाकिया लहजे में गडकरी से कहते हैं- आप इतना गाड़ियों का क्या करेंगे ? एक-दो हमारे पास भी भेज दीजिए न। जो आप नौकर-वोकर को दे देते हैं। एक-दो हम लोगों को दे दीजिए।टीएमसी सांसद ने केंद्रीय मंत्री गडकरी से पूछा, एक भी घुसपैठिया मिला क्या ?गडकरी ने नबीन और अपने बीच की अद्भुत समानताओं का जिक्र किया

एजेंसीनई दिल्ली: बिहार भाजपा के युवा नेता नितिन नबीन को पार्टी का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने के बाद सियासी गलियारों में चर्चा तेज है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस फैसले का स्वागत करते हुए नबीन और अपने बीच की अद्भुत समानताओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ये सुखद संयोग है कि दोनों का नाम 'नितिन' है

# सबका बीमा सबकी रक्षा विधेयक को संसद की मंजूरी, शत-प्रतिशत तक एफडीआई का प्रावधान

एजेंसी

नयी दिल्ली: बीमा क्षेत्र में शत- प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रावधान करने वाले 'सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानूनों में संशोधन) विधेयक, 2025' को बुधवार को संसद की मंजूरी मिल गयी। राज्यसभा ने विधेयक पर चर्चा और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जवाब के बाद आज विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा इसे मंगलवार 16 दिसंबर को ही पारित कर चुकी थी। इस विधेयक का उद्देश्य बीमा संबंधी तीन कानूनों में संशोधन करना है। इसमें बीमा क्षेत्र में शत-प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति देने के अलावा कारोबार को आसान बनाने के लिए और भी कई उपाय किये गये हैं। पहली बार यह प्रावधान किया गया है कि एक बीमा कंपनी का गैर-बीमा कंपनी के साथ विलय किया जा सकता है या उसे बीमा तथा गैर-बीमा कंपनियों में बांटा जा



सकता है। इसके लिए बीमा नियामक से अनुमति लेनी होगी। अब पांच प्रतिशत से कम के हिस्सेदारी स्थानांतरण के लिए पूवार्नुमति की जरूरत नहीं होगी। पहले यह सीमा एक प्रतिशत थी। सभी बीमा कंपनियों और बिचौलियों के लिए अपने नाम में ₹बीमा₹ शब्द रखना अनिवार्य होगा। नियमों के उल्लंघन पर जुमार्ना बढ़ाने का भी इस विधेयक में प्रावधान किया गया है। अधिकतम जुमार्ना एक करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये कर दिया गया है। अब बीमा कंपनियों और बिचौलियों के लिए जुमार्ने के नियम एक समान कर दिये गये हैं। पहले जहां गड़बड़ी पाये जाने पर बिचौलियों का लाइसेंस सीधे रद्द कर दिया जाता था, अब लाइसेंस निलंबित करने का प्रावधान किया गया है ताकि उन्हें सुधार करने का मौका दिया जा सके। चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि शत-प्रतिशत एफडीआई की अनुमति देने से विदेशी कंपनियों के लिए भारत में आना आसान होगा और उन्हें स्थानीय भागीदार खोजने की जरूरत नहीं होगी।

# रांची में पहली बार संतोष ट्रॉफी: बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में खेले जाएंगे ग्रुप सी के मुकाबले

**रांची, संवाददाता ।**



देश की सबसे प्रतिष्ठित घरेलू फुटबॉल प्रतियोगिता 79वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप संतोष ट्रॉफी 2025झ26 के ग्रुप सी के मुकाबलों की मेजबानी इस बार झारखंड को मिली है. यह पहला मौका है जब संतोष ट्रॉफी के राष्ट्रीय स्तर के मुकाबले रांची के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में खेले जाएंगे. प्रतियोगिता का आगाज 19 दिसंबर से होगा और इसमें रेलवे, झारखंड, बिहार और दिल्ली की टीमें मैदान में उतरेंगी. झारखंड में फुटबॉल का समृद्ध इतिहास रहा है और राज्य ने देश को कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिए हैं. ऐसे में संतोष ट्रॉफी जैसे प्रतिष्ठित आयोजन की मेजबानी मिलना न केवल खेल प्रेमियों के लिए उत्साह का विषय है, बल्कि यह राज्य की खेल संरचना और आयोजन क्षमता पर भी भरोसे को दशार्ता है.

**19, 21 और 23 दिसंबर को खेले जाएंगे मुकाबले**

19 दिसंबर को टूनार्मेंट के पहले दिन सुबह 09:30 बजे रेलवे और दिल्ली के बीच मुकाबला खेला जाएगा, जबकि दोपहर 2:30 बजे झारखंड और बिहार की टीमें आमने-सामने होंगी. झारखंड की टीम अपने घरेलू मैदान पर जीत के साथ अभियान की शुरूआत करने के इरादे से उतरेगी. इसके बाद 21 दिसंबर को सुबह 09:30 बजे बिहार और रेलवे की भिड़ंत होगी, जबकि दोपहर 2:30 बजे दिल्ली और झारखंड के बीच अहम मुकाबला खेला जाएगा. ग्रुप चरण का अंतिम दिन 23 दिसंबर को होगा, जब सुबह 09:30 बजे बिहार और दिल्ली की टीम आमने-सामने होगी और दोपहर 2:30 बजे झारखंड का मुकाबला रेलवे से होगा.

**आयोजन को लेकर तैयारियां तेज**

बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, जो पहले ही अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के कई बड़े आयोजनों का साक्षी रहा है. एक बार फिर फुटबॉल प्रेमियों से खचाखच भरे रहने की उम्मीद है. आयोजन को लेकर राज्य खेल विभाग और झारखंड फुटबॉल संघ की ओर से तैयारियां तेज कर दी गई हैं. सुरक्षा, दर्शक सुविधा, खिलाड़ियों के आवास और अभ्यास की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. खेल विशेषज्ञों का मानना है कि इस आयोजन से झारखंड के उभरते फुटबॉल खिलाड़ियों को न केवल प्रेरणा मिलेगी, बल्कि उन्हें शीर्ष स्तर के खिलाड़ियों के साथ खेलने और सीखने का अवसर भी मिलेगा. संतोष ट्रॉफी 2025झ26 के ये मुकाबले झारखंड के खेल इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं.

## आदिवासी अधिकारों पर राष्ट्रीय सर्वे रिपोर्ट जारी, कई क्षेत्रों में सुधार तो कई चुनौतियां बरकरार

**रांची।** रांची में इंडिजिनस नेविगेटर नेशनल सर्वे 2023 की सारांश रिपोर्ट जारी की गई. यह कार्यक्रम वीमेन एंड जेंडर रिसोर्स सेंटर और आदिवासी महिला नेटवर्क के सहयोग से आयोजित हुआ. रिपोर्ट में भारत में आदिवासी समुदायों के अधिकारों, जीवन स्थितियों और विकास से जुड़े मुद्दों पर स्थिति को सामने रखा गया है. इस सर्वे में देश के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों को शामिल किया गया. रिपोर्ट के अनुसार, भारत में लगभग 10.4 करोड़ आदिवासी रहते हैं, जो कुल आबादी का करीब 8.6 प्रतिशत हैं. सर्वे संयुक्त राष्ट्र की आदिवासी अधिकार घोषणा (वठऊफ्क्क) के आधार पर किया गया है और इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, न्याय, भूमि-अधिकार, संस्कृति और राजनीतिक भागीदारी जैसे 12 अहम विषयों पर अध्ययन किया गया. रिपोर्ट बताती है कि शिक्षा, रोजगार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जैसे कुछ क्षेत्रों में स्थिति पहले से बेहतर हुई है. लेकिन भूमि और जंगल पर अधिकार, सांस्कृतिक पहचान की सुरक्षा और प्राकृतिक संसाधनों पर नियंत्रण जैसे मामलों में आदिवासी समुदायों को अब भी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. कई जगहों पर बिना पूरी सहमति के विस्थापन और विकास परियोजनाओं का असर भी देखा गया है.

# विवेकानंद विद्या मंदिर कोऑर्डिनेटर के खिलाफ ज्ञापन, वायरल ऑडियो बना विवाद का कारण

**रांची, संवाददाता ।**



इन दिनों रांची में एक ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया और स्मार्टफोन्स पर तेजी से वायरल हो रही है. इस ऑडियो में पति-पत्नी के बीच तीखी बहस सुनी जा सकती है, जिसमें कथित तौर पर अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल किया गया है.इसी मामले को लेकर आज प्रगति महिला समाज दर्पण की कार्यकताओं ने विवेकानंद विद्या मंदिर के प्रिंसिपल को एक ज्ञापन सौंपा. महिला संगठन ने आरोप लगाया है कि यह ऑडियो क्लिप स्कूल के कोऑर्डिनेटर के मोबाइल फोन से स्कूल के व्हाट्सएप ग्रुप में साझा हुई थी. ज्ञापन में कहा गया है कि ऑडियो में कोऑर्डिनेटर द्वारा आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया है. संगठन ने सवाल उठाया है कि यदि घर में इस तरह का व्यवहार किया जा रहा है, तो स्कूल में महिलाओं और छात्रों के साथ उनका व्यवहार कैसा होगा. इस आधार पर कोऑर्डिनेटर को तत्काल पद से हटाने और स्कूल से निष्कासित करने की मांग की गई है. प्रगति महिला समाज दर्पण ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर इस मामले में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो स्कूल परिसर के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जाएगा.प्रगति महिला समाज दर्पण की सचिव रेणुका देवी ने बताया कि स्कूल में कार्यरत लोगों और महिलाओं ने आवाज के आधार पर पुष्टि की, जिसके बाद यह सुनिश्चित किया गया कि वायरल ऑडियो में आवाज स्कूल कोऑर्डिनेटर की ही है. उन्होंने कहा कि कई दिनों की जांच-पड़ताल के बाद आज ज्ञापन सौंपा गया है. वहीं दूसरी ओर स्कूल के कोऑर्डिनेटर समरेंद्र प्रसाद सिंह ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे उनके खिलाफ साजिश बताया है. उन्होंने कहा कि वीर कुंवर सिंह क्लब से जुड़े कुछ लोगों द्वारा उनके घरेलू मामले को हथियार बनाकर उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है. समरेंद्र प्रसाद सिंह ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी पत्नी को उनसे कोई शिकायत है तो वह कानूनी कार्रवाई कर सकती हैं, लेकिन फिलहाल यह पूरा मामला कुछ लोगों द्वारा अपने स्वार्थ साधने के लिए उछाला जा रहा है.

# समाहरणालय के पास लग रही है जाम, नियमों की उड़ रही है धज्जियां

**रांची, संवाददाता ।**



रांची शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन और नगर निगम द्वारा रोजाना अभियान चलाने के दावे किए जाते हैं. लगभग हर दिन अतिक्रमण हटाने की खबरें भी देखने को मिलती हैं, लेकिन हकीकत यह है कि रांची आज भी जाम की समस्या से बुरी तरह जूझ रहा है. शहर के सबसे महत्वपूर्ण इलाके, समाहरणालय के आसपास और रांची नगर निगम कार्यालय से महज 200 मीटर की दूरी पर रोजाना खुलेआम अतिक्रमण देखा जा सकता है. सड़क किनारे दुकानें लगी रहती हैं, ठेले और अस्थायी कब्जे यातायात को बाधित करते हैं, लेकिन इन पर कोई स्थायी कार्रवाई नजर नहीं आती. कई बार नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाया भी जाता है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि अगले ही दिन फिर वही दुकानें और ठेले उसी जगह पर नजर आने लगते हैं. सवाल यह उठता है कि अतिक्रमण हटाने के बाद दोबारा सड़क किनारे दुकानें लगाने की अनुमति आखिर किसके संरक्षण में मिल जाती है? और जब अतिक्रमण दोबारा होता है, तो नगर निगम की नजर वहां क्यों नहीं जाती? इतना ही नहीं, समाहरणालय के मुख्य गेट के पास ही सड़क पर रोजाना बाइक और कारों की अवैध पार्किंग होती है. इससे आम लोगों को भारी परेशानी होती है, लेकिन न तो वहां चालान काटा जाता है और न ही किसी प्रकार की सख्ती दिखाई देती है. जिम्मेदार विभाग मानो आंख मूंदे बैठे हैं.

# झारखंड में सबसे अधिक कॉर्निया ट्रांसप्लांट करने वाले कश्यप मेमोरियल आई बैंक में 90 साल की राधा देवी ने पेश की करुणा की मिसाल

**रांची, संवाददाता ।**



ऑल इंडिया मारवाड़ी महिला सम्मेलन की पूर्व अध्यक्ष राधा देवी बथवाल अब इस दुनिया में नहीं हैं. जीवन के अंतिम क्षण में उन्होंने कुछ ऐसा काम किया, जिसकी वजह से वह लंबे समय तक दुनिया में जीवित रहेंगी. उन्होंने जाते-जाते कई लोगों की जिंदगी रोशन करने का फैसला किया. 90 साल की उम्र में राधा देवी बथवाल ने मृत्यु के उपरांत अपनी आंखें दान कीं. उनके इस निःस्वार्थ कार्य से झारखंड के कई लोगों को ह्यद्दष्टिह्न का उपहार मिला है.

**कॉर्निया ट्रांसप्लांट से हजारों लोगों को मिली है नयी जिंदगी**

राधा देवी बथवाल की इच्छा को झारखंड में हजारों नेत्रहीन मरीजों की लाइफलाइन बन चुके कश्यप मेमोरियल आई बैंक ने पूरा किया. कश्यप मेमोरियल आई बैंक की मेडिकल डायरेक्टर-सह-प्रबंध न्यासी डॉ भारती कश्यप ने बताया कि संस्था की स्थापना के बाद से अब तक झारखंड में सबसे अधिक कॉर्नियल ट्रांसप्लांट किये हैं. इससे हजारों लोगों को न केवल द्दष्टि मिली है, बल्कि उन्हें सम्मान और स्वतंत्रता भी वापस मिली है.

**झारखंड में 1,000 से अधिक कॉर्निया ट्रांसप्लांट**

कश्यप मेमोरियल आई बैंक ने अपनी स्थापना के बाद से लगभग 1,047 कॉर्नियल ट्रांसप्लांट किये हैं. पिछले 5 वर्षों में इस आई बैंक ने 522 कॉर्नियां ट्रांसप्लांट किये हैं. हर एक ट्रांसप्लांट की अपनी अलग कहानी है. कश्यप मेमोरियल आई बैंक झारखंड का सबसे बड़ा और देश के सर्वश्रेष्ठ आई बैंकों में एक है. अत्याधुनिक उपकरणों से लैस इस अस्पताल में बेहतरीन कॉर्निया सर्जन नेत्र रोगियों का इलाज और उनकी सर्जरी करते हैं.

**थम जाती है जिंदगी, रोशनी नहीं**

कश्यप मेमोरियल आई बैंक की प्रमुख डॉ भारती कश्यप ने कहा कि राधा देवी बथवाल का यह अंतिम उपहार अपने आप में अनूठा है. यह साबित करता है कि किसी व्यक्ति की सांसें थम जायें, तो उसका जीवन समाप्त नहीं हो जाता. उसके इस दुनिया से जाने के बाद भी वह इस दुनिया में मौजूद रह सकता है. उसकी मानवता की मिसाल लंबे अरसे तक दी जाती है. उसकी विरासत को लोग हमेशा याद करते हैं. वहीं, राधा देवी के परिवार के लिए यह निर्णय भावनात्मक संकल्प था. उनका मानना है कि भले जीवन समाप्त हो जाये, उसकी रोशनी फीकी नहीं पड़नी चाहिए. राधा देवी बथवाल के परिवार ने नेत्रदान के बाद कहा कि उनको लगा कि राधा देवी की आंखें उन लोगों के लिए दुनिया को रंगों से भर सकती हैं, जिनकी किसी कारण से द्दष्टि चली गयी है. इस नेक निर्णय में उनकी पुत्रवधू नीरा बथवाल ने अहम भूमिका निभायी. नीरा बथवाल ऑल इंडिया मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राज्य इकाई की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रही हैं.

# रांची डीसी ने राजस्व-जमीन मामलों की समीक्षा, लंबित काम जल्द निपटाने के निर्देश



**रांची, संवाददाता ।**

रांची जिला प्रशासन ने आम लोगों से जुड़े राजस्व और जमीन के मामलों को लेकर बुधवार को समीक्षा बैठक की. बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री ने की. उपायुक्त ने कहा कि दाखिल-खारिज, सीमांकन और जमीन से जुड़े अन्य काम समय पर पूरे होने चाहिए. उन्होंने राजस्व कर्मचारियों, अमीन और अंचल स्तर के अधिकारियों को कामकाज में सुधार लाने का निर्देश दिया. कहा गया कि अगर लापरवाही या शिकायत मिली तो कड़ी कार्रवाई होगी. उपायुक्त ने यह भी कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान जल्दी किया जाए, ताकि उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें. बैठक में लंबे समय से लंबित दाखिल-खारिज मामलों, सीमांकन, रिकॉर्ड सुधार और जन शिकायतों की समीक्षा की गई. डीसी ने दोहरी जमाबंदी के मामलों पर भी ध्यान देने को कहा. साथ ही सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे तय समय में काम पूरा करें और काम में पारदर्शिता रखें.

# रांची से दिल्ली तक साइकिल पर देशभक्ति का संदेश, वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन का आयोजन

**रांची, संवाददाता ।**



एनसीसी निदेशालय बिहार और झारखंड की ओर से वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन का आयोजन किया जा रहा है. इस साइक्लोथॉन का उद्देश्य महान आदिवासी नेता धरती आबा वीर बिरसा मुंडा के योगदान को याद करना और युवाओं में देशभक्ति, एकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना है. यह कार्यक्रम केवल एक साइकिल यात्रा नहीं, बल्कि एक जागरूकता अभियान के रूप में देखा जा रहा है. इस साइक्लोथॉन को दो चरणों में पूरा किया जाएगा. पहले चरण का आयोजन 18 से 20 दिसंबर के बीच झारखंड में किया जाएगा. इस दौरान साइकिल यात्रा झारखंड के उन स्थानों से होकर गुजरेगी, जो वीर बिरसा मुंडा के जीवन और संघर्ष से जुड़े रहे हैं.इस चरण में एनसीसी के अधिकारी, प्रशिक्षक और बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट भाग लेंगे, जिनमें छात्राओं की भी सक्रिय भागीदारी रहेगी. पहले चरण का समापन रांची के मोरहाबादी मैदान में होगा, जहां प्रतिभागियों का भव्य स्वागत किया जाएगा. दूसरा चरण रांची से नई दिल्ली तक आयोजित किया जाएगा, जो करीब 1300 किलोमीटर लंबा होगा. यह यात्रा 28 दिसंबर 2025 से शुरू होकर जनवरी 2026 तक चलेगी. साइक्लोथॉन झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा होते हुए दिल्ली पहुंचेगा. इस चरण में एनसीसी के अधिकारी, स्थायी स्टाफ और चयनित कैडेट शामिल होंगे. सभी प्रतिभागी अनुशासन, साहस और सेवा भावना के साथ इस लंबी यात्रा को पूरा करेंगे. नई दिल्ली पहुंचने पर इस साइक्लोथॉन का समापन एक राष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान किया जाएगा, जहां वीर बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी जाएगी. आयोजकों का कहना है कि यह यात्रा युवाओं को अपने इतिहास से जोड़ने, शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने और देश की एकता का संदेश फैलाने का माध्यम बनेगी. वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन के माध्यम से एनसीसी यह संदेश देना चाहता है कि आज का युवा अपने महापुरुषों से प्रेरणा लेकर देश के लिए सकारात्मक भूमिका निभा सकता है. यह साइकिल यात्रा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और वीर बिरसा मुंडा के विचारों को देशभर तक पहुंचाएगी.

# इरफान की सम्राट चौधरी को नसीहत, बुलडोजर की नहीं, भाईचारे व संवाद की भाषा अपनाइए



आप भी बिहार में जोड़ने का काम करें, तोड़ने का नहीं

उत्तर प्रदेश की नकल बिहार में नहीं चलेगी

**रांची, संवाददाता ।**

झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को नसीहत दी है कि बुलडोजर की भाषा नहीं, भाईचारे और संवाद की भाषा अपनाइए. दरअसल डॉ इरफान अंसारी से सम्राट चौधरी की मुलाकात राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के पुत्र के रिसेप्शन के दौरान हुई. मंत्री इरफान ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया में भी साझा की है. उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि उनसे (सम्राट चौधरी) मैंने स्पष्ट रूप से कहा कि, बुलडोजर की भाषा नहीं, भाईचारे और संवाद की भाषा अपनाइए. आपके और मेरे पिताजी ने साथ मिलकर काम किया है. हमारे बीच पुराना पारिवारिक और राजनीतिक संबंध रहा है. हम झारखंड में समाज को जोड़ने का काम कर रहे हैं, आप भी बिहार में जोड़ने का काम करें - तोड़ने का नहीं. उत्तर प्रदेश की नकल बिहार में नहीं चलेगी. बिहार के लोग ऐसी राजनीति को बर्दाश्त नहीं करते. सद्भाव, संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक सौहार्द से ही देश आगे बढ़ेगा.

# नेशनल हेराल्ड केस में राहुल और सोनिया गांधी को राहत मिलने से कांग्रेस उत्साहित, पार्टी नेताओं ने भाजपा कार्यालय का किया घेराव

**रांची, संवाददाता ।**



नेशनल हेराल्ड मामले में अदालत से राहुल गांधी-सोनिया गांधी को बड़ी राहत दिए जाने के बाद ईडी की पूरी कार्रवाई को पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह के इशारे पर रची साजिश बताते हुए झारखंड कांग्रेस के नेताओं ने झारखंड प्रदेश बीजेपी कार्यालय का घेराव किया. बहुचर्चित नेशनल हेराल्ड केस में मंगलवार को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इंकार करने के बाद बुधवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने झारखंड भाजपा कार्यालय कार्यालय का घेराव किया. गौरतलब है कि कोर्ट ने कहा कि यह चार्जशीट एक निजी शिकायत और उस पर मजिस्ट्रेट के द्वारा संज्ञान लेने पर आधारित है. जबकि मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में अपराध तभी बनता है जब सक्षम जांच एजेंसी ने अपराध से जुड़ी जांच दर्ज कराई हो. अदालत के इस निर्देश को कांग्रेस के बड़े नेताओं ने सत्य की जीत बताते हुए यह आरोप लगाया कि भाजपा राजनीतिक प्रतिद्वंदिता और गलत मंशे से उनके नेता राहुल गांधी-सोनिया गांधी को परेशान करने के लिए ईडी के माध्यम से कार्रवाई करा रही थी लेकिन अदालत के फैसले से साफ हो गया कि सत्यमेव जयते यानी हमेशा सत्य की जीत होती है. नेशनल हेराल्ड प्रकरण में ईडी द्वारा बिना एफआईआर के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं नेता विपक्ष राहुल गांधी को परेशान किए जाने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा हरमू स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय का घेराव किया गया. इस घेराव का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने किया. जबकि पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित सभी अग्रणी विभाग के चेयरमैन और छात्र विंग के नेता कार्यकर्ता शामिल हुए. इस दौरान जिला प्रशासन के द्वारा बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों की भाजपा कार्यालय के बाहर तैनाती की गई थी.

## रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर अजीत कुमार सिंह के कार्यकाल में हुए व्यापक भ्रष्टाचार और गवन की जांच

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर अजीत कुमार सिंह के कार्यकाल में हुए व्यापक भ्रष्टाचार और गवन हुआ है उसकी जांच के लिए माननीय राज्यपाल ने भी आदेश दे दिया है परंतु इसकी जांच बहुत धीमी है उनको कहीं ना कहीं बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है क्योंकि इस घोटाला में सभी लोग सम्मिलित हैं बड़े लोग सम्मिलित हैं अब वह अधिकार मंच ने उनके भ्रष्टाचार एवं काले कारनामे की जानकारी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं प्रधानमंत्री गृह मंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री से भी की है. उपरोक्त तथ्य के आरोप में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने भी पहल करते हुए इनकी कार्यकाल की की जांच के लिए दोबारा माननीय राज्यपाल सकुराधिपति से अनुरोध किया है जो स्वागत योग्य है क्योंकि सरकार के करोड़ों रुपए के गबन का मामला है यह जनता का पैसा है गाड़ी कमाई का पैसा है और इस पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए ताकि पैसे वापस हो सके. अबुआ अधिकार मंच के विशाल कुमार यादव ने मांग किया है कि इंटर अंगिभुत महाविद्यालय में जो गवन हुआ है उसकी जांच होनी चाहिए।

# रिम्स की जमीन पर बुधवार को भी चला प्रशासन का बुलडोजर, अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी

**रांची, संवाददाता ।**



झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के बाद राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स की जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है. अतिक्रमण हटाओ अभियान में और तेजी आई है और पक्के मकानों को तोड़ने में तीन तीन बुलडोजर लगाए गए हैं. जिला प्रशासन की ओर से नियुक्त कार्यपालक दंडाधिकारी साइनी तिग्गा के साथ साथ बड़गाई के अंचलाधिकारी विजय कुमार दास खुद अतिक्रमण हटाओ अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं.

**ध्वस्त होंगे सारे अवैध निमार्ण: सीओ**

बड़गाई सीओ ने बताया कि झारखंड उच्च न्यायलय के आदेश पर आज भी कार्रवाई जारी है. उन्होंने आगे बताया कि रिम्स के डॉक्टर्स आवासीय कॉलोनी में कई दिनों तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाए जाने के बाद से डीआईजी ग्राउंड के चारों ओर रिम्स की जमीन पर बनाये गए अवैध निर्माण को तोड़ा जा रहा है. उन्होंने कहा कि डीआईजी ग्राउंड के पूर्वी भाग में बने पक्के निर्माण को आज हटाया जा रहा है. इसके लिए तीन-तीन बुलडोजर को लगाया गया है. बड़गाई के अंचलाधिकारी ने बताया कि कानून के हिसाब से ये सभी निर्माण अवैध हैं. जब 1960-65 में इस जमीन का मालिकाना हक रिम्स के पास चला गया, उसके बाद जो भी रजिस्ट्री या म्यूटेशन एवं अन्य प्रक्रिया हुई है वे सब अवैध हैं. सीओ ने कहा कि किस अधिकारी का इसमें क्या दोष रहा है? यह तो आगे की जांच का विषय है लेकिन ये निर्माण अवैध हैं और इसे पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा.

**रिहायशी इलाके में है अवैध अपार्टमेंट: सीओ**

बड़गाई अंचल के अंचलाधिकारी विजय कुमार दास ने बताया कि रिम्स की जमीन पर बने बहुमंजिला अपार्टमेंट को तोड़ने की कार्रवाई आज भी जारी है. उन्होंने कहा कि चूंकि यह अपार्टमेंट रिहायशी इलाके में है और आसपास भी लोग रह रहे हैं, इसलिए कोई अनहोनी या अप्रिय घटना नहीं हो, इसलिए पहले ऊपर के दो तलों को बेहद सावधानी से तोड़ा जा रहा है. उसके बाद इसे बुलडोजर से ढहाया जाएगा.

**ये है पूरा मामला**

झारखंड उच्च न्यायालय में दायर वाद संख्या W.P. (PIL) 4736/2018 (ज्योति शर्मा वर्सेस राज्य सरकार एवं अन्य) में 3.12.2025 को पारित न्यायादेश में राज्य सरकार और रिम्स परिसर को 72 घंटे के अंदर सभी प्रकार के अतिक्रमण से मुक्त करने का आदेश दिया गया था. झारखंड उच्च न्यायालय, रांची के दिए आदेश के अनुपालन में सभी अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटा लेने का निर्देश देते हुए नोटिस जारी किया गया था. रांची जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और रिम्स प्रबंधन द्वारा संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा है.



# हाथियों के हमले में चार की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया बवाल

## वेस्ट बोकारो में स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग व जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर लगाए नारे

संवाददाता । रांची



झारखंड का रामगढ़ जिला हाथियों की वजह से सुर्खियों में आ गया है। हाथियों के हमले से चार लोगों की मौत से लोगों का गुस्सा वन विभाग के खिलाफ फूट पड़ा है। बुधवार को स्थानीय लोगों ने चार नंबर चौक पर सड़क जाम कर दिया है। सुबह से ही ग्रामीण सड़क पर उतरकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वन विभाग और जिला प्रशासन की लापरवाही के कारण ही हाथियों का आतंक बढ़ता जा रहा है। हाथियों को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। रामगढ़ जिले के वेस्ट बोकारो में जंगल से निकले हाथियों का झुंड उत्पात मचा रहा है और वन विभाग सोया हुआ है। पूरे क्षेत्र के लोग डरे-सहमे हैं। मंगलवार को अलग-अलग स्थानों पर हाथियों ने दो महिलाओं समेत चार लोगों की कुचलकर मार दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि सबसे पहले मंगलवार को शाम करीब चार बजे सारुबेड़ा की सीसीएल कोलियरी में तैनात गार्ड अमित रजवार (35) पर हाथियों ने हमला कर दिया। वह अपने कुछ साथियों के साथ जंगल में हाथियों के झुंड के पास मोबाइल से फोटो ले रहा था। इसी दौरान एक हाथी भड़क गया और उन्हें दौड़ाने लगा। इससे वहां भगदड़ मच गई। कुछ लोग किसी तरह जान बचाकर भाग निकले, लेकिन अमित को हाथी ने पकड़ लिया। हाथी ने उसे सूंड से पटक-पटक कर मार डाला। दूसरी घटना मंगलवार को रात करीब साढ़े दस बजे हुई, जब गिद्दी निवासी अमूल महतो बाइक से घाटो कोलियरी क्षेत्र की ओर जा रहा था। इसी बीच हाथियों ने उसे सड़क पर घेर लिया और कुचलकर उसकी भी जान ले ली। इसके अलावा लखन करमाली की पत्नी सावित्री देवी और दशरथ मांझी की पत्नी पार्वती देवी को भी हाथियों ने अचानक हमला करके मौत के घाट उतार दिया। वन विभाग भी इन चारों घटनाओं से इनकार नहीं कर रहा है। रेंजर बटेश्वर पासवान ने चारों मौतों की पुष्टि करते हुए कहा कि ये घटनाएं वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र में हुई हैं। दूसरी ओर स्थानीय लोगों का कहना है कि हाथी-मानव संघर्ष रोकने में वन विभाग पूरी तरह विफल रहा है। यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो हालात और भयावह हो सकते हैं।पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर में बुधवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, धनेश्वर हेम्ब्रम ने खानपान की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पवन चौक स्थित पवित्र भोजनालय और बाटा रोड स्थित गुप्ताजी स्वीट्स एंड स्नैक्स में गंदगी और एक्सपायर्ड प्रोडक्ट पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण में एक्सपायर्ड जूस और कोल्डड्रिंक्स को नष्ट किया गया। मिठाई दुकानों में इस्तेमाल होने वाले रंगों की जांच की गई, लेकिन अखाद्य रंग नहीं मिले।

## ब्रीफ न्यूज

### भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना जारी



संवाददाता ।

रांचीः झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा खलारी प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना जिला संगठन मंत्री रतिया जी के आह्वान में तीसरा दिन भी जारी रहा धरना में लोगों का उत्साह काफी रहा इस कार्यक्रम में अभी तक प्रबंधन और ठेकेदार की ओर से कोई भी पहल नहीं होने से आंदोलन को और तेज करने का धाराधार करने का लोगों ने निर्णय लिया धरना स्थल में अपनी बातों को रखते हुए खलारी प्रखंड अध्यक्ष /पश्चिमी तौहीद अंसारी ने कहा की अगर हॉस्पिटल निर्माण कर में हो रही है अनियमिता का सुधार नहीं हुआ यह धारणा काफी लंबा जा सकता है धरना में जिला टीम और प्रदेश के टीम महिला कार्यकर्ता भी शामिल हो सकते हैं आगे केंद्र नेतृत्व भी इस धरणा का समर्थन मिल रहा है उन्होंने यह अहवान किया है कि यह हॉस्पिटल गरीबों और आम जनता के टैक्स का पैसा से बन बन रहा है इसलिए हॉस्पिटल जो बने बहुत ही मजबूत और शानदार तरीका से बने ब्लास्टिंग जॉन होने के कारण अगर अच्छा निर्माण नहीं होगा तो कभी भी हॉस्पिटल गिर सकता है इसीलिए झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा मांग करती है की निर्माण में सुधार करें पार्टी हमेशा भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन की है आगे भी खलारी प्रखंड स्तर पर इस तरह का कार्यक्रम चलता रहेगा इस बैठक में मुख्य रूप से रतिया गंजू, तोहिद अंसारी, उमेश यादव बीरबल कुमारमहतो, दीपक महतो विजय प्रजापति, कृष्ण यादव, किरण बारा, कृष्ण कुमार महतो, खुर्शीद अंसारी, आदि लोग शामिल थे ।

# जेवीएम श्यामली के खेल महाकुंभ 'परवाज-2025' का आगाज : हौसलों की उड़ान से गूँजा मेकॉन स्टेडियम ?

संवाददाता । रांची



'परवाज' वह मंच है जहाँ शिक्षा और खेल एक साथ मिलते हैं। यह इस सोच का प्रतीक है कि एक विद्यार्थी केवल किताबों से नहीं, बल्कि मैदान की धूल और प्रतिस्पर्धा की चुनौतियों से भी अपनी पहचान बनाता है। मेकॉन स्टेडियम की मिट्टी जेवीएम, श्यामली के खिलाड़ियों के लिए केवल एक खेल का मैदान नहीं, बल्कि उनके सपनों का लॉन्च पैड है। 'परवाज' यहाँ के छात्रों की उस ऊर्जा को दशार्ता है जहाँ उनकी मेहनत हवा बनती है और तालियाँ उनके पंख, जिससे उनकी उड़ान अटूट हो जाती है।

इन जज्बों को समर्पित छात्रों के पंखों को उड़ान देता जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 'परवाज - 2025' का आज मेकॉन स्टेडियम में भव्य शुभारंभ हुआ। 17 से 20 दिसंबर तक चलने वाले इस खेल उत्सव में विद्यालय के छात्र-छात्राएँ अपनी खेल प्रतिभा और अदम्य साहस का प्रदर्शन कर रहे हैं। ?प्रतियोगिता को तीन मुख्य वर्गों– सब-जूनियर (कक्षा 6-8), जूनियर (कक्षा 9-10) और सीनियर (कक्षा 11-12) में विभाजित किया गया है। सभी प्रतिभागी चार सदनों– दयानंद, राजेंद्र, टैगोर और तिलक सदन के बैनर तले अपनी श्रेष्ठता साबित करने के लिए मैदान में उतरे हैं।

? प्रथम दिन के मुख्य परिणाम

?उत्सव के पहले दिन ट्रैक और फील्ड स्पधाओं में खिलाड़ियों का जोश देखने लायक था। 3000 मीटर की दौड़ में देवर्ष पांडेय ने प्रथम, सौम्य प्रकाश ने द्वितीय और फरहान आलम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ?रोमांचक स्पधाओं में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर और रिले रेस (4100) में छात्रों ने अपनी गति और फुर्ती का लोहा मनवाया।

? फील्ड इवेंट्स में शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, लंबी कूद, ऊंची कूद और भाला फेंक में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।इस अवसर पर प्राचार्य श्री समरजीत जाना, उप प्राचार्य बी.एन. झा, श्री संजय कुमार, श्रीमती अनुपमा, प्रभाग प्रभारी श्री शैलेश्वर झा सुशील और श्री दीपक कुमार सिन्हा वरीय शिक्षक डॉ मोती प्रसाद, प्रियव्रत तिवारी, अमरिंदर कौर सलूजा, अपर्णा पुरकायस्थ, शशांक कुमार सिन्हा, अमरिंदर कौर सलूजा, अल्पना सिन्हा, सायमा यूनुस, विनीता कुमारी, लिपिका कर्मकार, एल एन पटनायक द्वारा विंनिंग स्टैंड पर पुरस्कार देकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

? प्राचार्य श्री समरजीत जाना ने छात्रों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि परवाज' जेवीएम के हर छात्र को यह विश्वास दिलाता है कि आसमान में भी रास्ता बनाया जा सकता है। यह आयोजन उनके भीतर के उस डर को खत्म करता है जो उन्हें आगे बढ़ने से रोकता है, और उन्हें नई ऊँचाइयों की ओर उड़ने के लिए प्रेरित करता है। जेवीएम श्यामली के संदर्भ में 'परवाज' वह अटूट विश्वास है जो हर छात्र के भीतर यह मंत्र फूँकता है - ₹मैं उड़ सकता हूँ... और आज मेरी बारी है !₹
?

## कला और विज्ञान विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आज शुभारंभ हुआ



संवाददाता । रांची

बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी), मेसरा, रांची में जटिल प्रणालियों के सिमुलेशन की कला और विज्ञान विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आज शुभारंभ हुआ। यह सम्मेलन 17 से 19 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश-विदेश के वैज्ञानिक, शिक्षाविद और शोधकर्ता भाग ले रहे हैं।सम्मेलन का उद्घाटन कुलपति प्रो. इंद्रनील मन्ना ने किया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने विज्ञान एवं अभियांत्रिकी के विभिन्न क्षेत्रों में जटिल समस्याओं के समाधान हेतु सिमुलेशन एवं मॉडलिंग तकनीकों की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवा शोधकताओं को अंतर्विषयक अनुसंधान के लिए प्रेरित किया।सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रो. ए. पी. दिमरी ने जलवायु विज्ञान सहित विभिन्न क्षेत्रों में सिमुलेशन तकनीकों के महत्व पर अपने विचार साझा किए और वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए सहयोगात्मक अनुसंधान की आवश्यकता पर बल दिया।सम्मेलन की संयोजक डॉ. निशि श्रीवास्तव ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए सम्मेलन के उद्देश्यों की जानकारी दी। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता डॉ. राजीव कुमार, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग, बीआईटी मेसरा ने की।

## 18 दिसंबरः विश्व अल्पसंख्यक दिवस और आज का मुस्लिम समाज

संवाददाता ।



रांचीःइंसानी इतिहास गवाह है कि ताकत और सत्ता पर अक्सर बहुसंख्यक समाज का कब्जा रहा है। जिनके पास संख्या ज्यादा होती है, वही फैसले तय करते हैं। ऐसे में अल्पसंख्यक समुदाय, चाहे वह धर्म के आधार पर हों, भाषा या जाति के आधार पर, ज्यादातर पीछे छूट जाते हैं। इसी सच्चाई को समझते हुए 18 दिसंबर को विश्व अल्पसंख्यक दिवस मनाया जाता है, ताकि दुनिया यह याद रखे कि अल्पसंख्यकों के अधिकार भी उतने ही जरूरी हैं जितने किसी और के।

भारत अपने आप को लोकतांत्रिक और संविधान आधारित देश कहता है। हमारे संविधान ने साफ लिखा है कि सभी नागरिक बराबर हैं। किसी के साथ धर्म, जाति या भाषा के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता। लेकिन सवाल यह है कि जो बातें संविधान में लिखी हैं, क्या वे जमीन पर भी दिख रही हैं। भारतीय संविधान ने अल्पसंख्यकों को स्पष्ट और मजबूत अधिकार दिए हैं। अनुच्छेद 14, 15 और 16 समानता और भेदभाव से सुरक्षा की गारंटी देते हैं, जबकि अनुच्छेद 25 से 30 धार्मिक स्वतंत्रता, सांस्कृतिक पहचान और शैक्षणिक अधिकारों को सुरक्षित करते हैं। लेकिन जमीनी हकीकत यह सवाल उठाने पर मजबूर करती है कि क्या ये अधिकार सिर्फ कागजों तक सीमित होकर रह गए हैं।

आज की हकीकत यह है कि मुस्लिम समाज खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नफरत, संदेह और बहिष्कार की घटनाएं बढ़ी हैं। पहचान के आधार पर निशाना बनाना, रोजमर्रा की जिंदगी में भेदभाव और डर का माहौल अब असामान्य नहीं रहा। लगभग 16 प्रतिशत आबादी वाले इस समुदाय के लिए यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। पिछले कुछ सालों में नफरत भरी भाषा, शक की नजर और हिंसा की घटनाएं बढ़ी हैं। गाय के नाम पर भीड़ द्वारा हत्या, और दोषियों को सजा न मिलना, हमारे सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़े करता है। जब मुसलमान अपने हक की बात करते हैं या किसी अन्याय का विरोध करते हैं, तो कई बार उनके घर और दुकानें बुलडोजर से गिरा दी जाती हैं। यह कानून नहीं, डर पैदा करने का तरीका बनता जा रहा है।

मस्जिदों, मदरसों और अन्य धार्मिक स्थलों को लेकर भी लगातार विवाद खड़े किए जा रहे हैं। पुराने धार्मिक स्थलों को मुद्दा बनाकर समाज में तनाव फैलाया जा रहा है। इससे न तो देश आगे बढ़ता है और न ही आम लोगों की जिंदगी बेहतर होती है।

सच्चर कमेटी की रिपोर्ट ने बहुत पहले बता दिया था कि मुसलमान शिक्षा और रोजगार के मामले में काफी पीछे हैं। इसके बावजूद आज तक उनके लिए ऐसी मजबूत नीतियां नहीं बनीं, जिनसे उनकी हालत सुधर सके। उल्टा उन्हें बार-बार देशद्रोही, आतंकवादी और पाकिस्तानी कहकर बदनाम किया जाता है, जिससे उनका आत्मसम्मान और सुरक्षा दोनों खतरे में पड़ जाते हैं।

यह सब अचानक नहीं हो रहा। धर्म के नाम पर राजनीति करना आसान होता है। नफरत फैलाकर सत्ता मजबूत की जाती है और एक पूरे समुदाय को डर में रखा जाता है। लेकिन यह रास्ता देश को कमजोर करता है, मजबूत नहीं। यह समस्या केवल भारत तक सीमित नहीं है। पड़ोसी देशों में भी अल्पसंख्यकों के साथ होने वाली घटनाएं दिखाती हैं कि बहुसंख्यक वर्चस्व और असहिष्णुता एक वैश्विक चुनौती है।

विश्व अल्पसंख्यक दिवस पर हमें सिर्फ भाषण नहीं देने चाहिए, बल्कि ईमानदारी से सोचना चाहिए कि क्या हम सही दिशा में जा रहे हैं। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह संविधान को सख्ती से लागू करे। कानून सबके लिए बराबर हो। किसी भी समुदाय के साथ अन्याय हो, तो उसे तुरंत रोका जाए।

मुस्लिम समाज को शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा की जरूरत है, न कि शक और नफरत की। नफरत फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, तभी समाज में भरोसा लौटेगा।

आखिर में इतना ही कहना है कि विश्व अल्पसंख्यक दिवस हमें याद दिलाता है कि किसी भी देश की पहचान इस बात से होती है कि वह अपने कमजोर और अल्पसंख्यक नागरिकों के साथ कैसा व्यवहार करता है। जब तक मुसलमानों समेत सभी अल्पसंख्यकों को बराबरी, सम्मान और सुरक्षा नहीं मिलेगी, तब तक हमारा लोकतंत्र अधूरा ही रहेगा।

## झारखंड में उत्कृष्ट मानवीय और सामाजिक कार्यों को करने वाले गुरुनानक सेवक जत्था रांची के रक्तवीर सूरज झंडाई को सम्मानित किया गया.



संवाददाता । रांची

विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस की पूर्व संध्या पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा झारखंड में अल्पसंख्यक समुदाय के सभ्य समाज में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट मानवीय कार्य करने वालों को प्रदेश अध्यक्ष श्रीमान केशव कमलेश महतो(झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी),प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमान बंधु तिर्की(झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी),झारखंड प्रदेश प्रवक्ता श्रीमान डॉ एम.तौसीफ जी के हाथों चार सम्मानित लोगों को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वालों में झारखंड के रक्तदान-महादान एवं थैलेसीमिया/सिकल सेल एनीमिया/अप्लास्टिक एनीमिया के पीड़ितों/परिजनों पर उत्कृष्ट मानवीय कार्य करने वाले ₹लहू बोलेगा₹ रक्तदान संगठन रांची एवं झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन के उत्कृष्ट मानवीय कार्य करने वाले संस्थापक रक्तवीर नदीम खान रांची।

2.झारखंड में शिक्षाधिकारी/हजारों गरीब छात्रों के मसीहा फ्रेंड्स ऑफ वीकर सोसाईटी रांची के अध्यक्ष तनवीर अहमद।

3.झारखंड में उत्कृष्ट मानवीय और सामाजिक कार्यों में कार्यरत वाले झारखंड यूथ क्रिश्चियन एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप तिर्की

4.झारखंड में उत्कृष्ट मानवीय और सामाजिक कार्यों को करने वाले गुरुनानक सेवक जत्था रांची के रक्तवीर सूरज झंडाई को सम्मानित किया गया.

## एमएमके हाई स्कूल, बरियातू (रांची) में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

संवाददाता । रांची



रांची। एमएमके हाई स्कूल, बरियातू, रांची में आज दिनांक 17 दिसंबर 2025 को विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री शम्भू नाथ चौधरी द्वारा किया गया। वहीं, पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मंत्री सह विधायक श्री रामेश्वर उरांव रहे, जिन्होंने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में पसवा अध्यक्ष श्री आलोक दुबे, बरियातू थाना के जयदीप बोस गुलरेज नजर खान, सरफराज कुरैशी, उस्मान अली, आर. एस. प्रसाद सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मॉडलों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने वायु प्रदूषण नियंत्रण, एयरो फार्मिंग, नदी की सफाई, बादल बनने की प्रक्रिया, ट्रैफि क सिस्टम, डिजास्टर अलार्म, रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसे समसामयिक और उपयोगी विषयों पर आधारित 250 से अधिक मॉडल प्रस्तुत किए। इन मॉडलों के माध्यम से छात्रों ने वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जागरूकता को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया।इस सफल आयोजन में विद्यालय की साइंस को-ऑर्डिनेटर श्रीमती नरगिस बानो का विशेष एवं महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कहकशां परवीन ने किया। वहीं, कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के निदेशक डॉ. तनवीर अहमद ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## झारखंड पुलिस मुख्यालय ने उच्च न्यायालय में प्रतिनियुक्त नोडल अधिकारियों की मांगी जानकारी

रांची : झारखंड पुलिस मुख्यालय ने राज्य के उच्च न्यायालय में प्रतिनियुक्त नोडल अधिकारियों की विस्तृत जानकारी तलब की है। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय ने राज्य के सभी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी), पुलिस अधीक्षक (एसपी) और विभिन्न पुलिस इकाइयों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। पुलिस मुख्यालय की ओर से महानिरीक्षक (आईजी, प्रोविजन) की ओर से जारी पत्र में 24 घंटे के भीतर निर्धारित प्रारूप में जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया है। पत्र के अनुसार, सभी जिलों और इकाइयों से झारखंड उच्च न्यायालय में तैनात नोडल अधिकारियों का पूरा विवरण मांगा गया है। मांगी गई जानकारी में नोडल अधिकारी का नाम एवं पद, मोबाइल नंबर,

# लोहरदगा में जागता झारखंड का भव्य पत्रकार सम्मान समारोह, सच्ची और निर्भीक पत्रकारिता का संकल्प नवेल्टी होटल में जुटे राज्यभर के पत्रकार, उत्कृष्ट जनहितकारी कार्यों के लिए किया गया सम्मानित

संवाददाता




लोहरदगाः लोहरदगा स्थित नवेल्टी होटल में सोमवार को जागता झारखंड दैनिक अखबार की ओर से भव्य पत्रकार सम्मान सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम न केवल पत्रकारों के सम्मान का अवसर बना, बल्कि सच्ची, निष्पक्ष और जनहितकारी पत्रकारिता के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक भी रहा। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसमें अतिथियों और वरिष्ठ पत्रकारों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जागता झारखंड के संपादक एहसान आलम ने कहा कि जागता झारखंड केवल एक अखबार नहीं, बल्कि सच्चाई से कोई समझौता न करने की विचारधारा का नाम है। पत्रकारिता का मूल धर्म ही सत्य की लौ को जलाए रखना है, चाहे परिस्थितियाँ कितनी ही चुनौतीपूर्ण क्यों न हों।‍ उन्होंने कहा कि राज्य के हर जिले और प्रखंड में कार्यरत संवाददाता और पत्रकार ही इस अखबार की असली ताकत हैं। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा हमारा लक्ष्य हमेशा जनहित, सच्चाई और निष्पक्ष पत्रकारिता को प्राथमिकता देना रहा है और आगे भी यही हमारी पहचान रहेगी। इस अवसर पर झारखंड के विभिन्न जिलों और प्रखंडों से आए पत्रकारों को उनके उत्कृष्ट, निर्भीक एवं जनहितकारी कार्यों के लिए शील्ड, मेडल एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर पत्रकारों के चेहरे पर आत्मगौरव और उत्साह स्पष्ट झलक रहा था। कार्यक्रम का उद्देश्य सकारात्मक पत्रकारिता को बढ़ावा देना और समाज में जागरूकता को और अधिक मजबूत करना बताया गया। समारोह में वक्ताओं ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में समाज और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करते हैं। निष्पक्ष पत्रकारिता न केवल सत्ता को आईना दिखाती है, बल्कि आम जनता की आवाज को भी मजबूती प्रदान करती है। ऐसे समय में जब पत्रकारिता कई चुनौतियों से गुजर रही है, इस तरह के आयोजन पत्रकारों का मनोबल बढ़ाने का काम करते हैं। कार्यक्रम में कनीय अभियंता लोहरदगा अज्जू कश्यप, भाजपा नेता मनीर उरांव,समाजसेवी आफताब आलम, मुखिया सुमंती तिग्गा,समाजसेवी जगजीवन उरांव, समाजसेवी सैय्यदा खातून, हुसैन अंसारी, ब्राइट वुड एकेडमी हिरी स्कूल के प्राचार्य आनन्द कुमार भगत और एवर ग्रीन चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अब्दुल लतीफ अंसारी और ।

